Seventeenth Loksabha

>

Title : Need to construct ROB/RUB at level crossing no. 73 and make changes in the dimensions of railway underpass No. 74 in Jaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान जयपुर की रेलवे से संबंधित समस्या की ओर आकाषत करना चाहता हूं । दुर्गापुरा सांगानेर के बीच कल्याणपुर फाटक (फाटक सख्या-73) पर लगभग 1 कि.मी. तक लम्बी कतार लग जाता ह जिससे कि जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । इस समस्या को देखते हुए एवं शहर के बीचों बीच होने के कारण आर.ओ. बी. या आर.यू.बी. में परिवर्तन करने की आवश्यकता है । इसके होने से आम जनता को आराम मिलेगा और इसके साथ ही जयपुर-डिग्गी-मालपुरा रोड़ पर रेलवे अण्डर पास संख्या-74 की चौड़ाई और ऊंचाई कम होने से लगभग 1 कि.मी. लम्बी कतार लग जाती है जिससे कि आये दिन हादसे होते है । अतः इसकी चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता है । ।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर के उक्त कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराने की कृपा करें ।